**Terms of Reference**
**Senior Consultant – Health Policy and Integrated Planning/ Human Resources for Health**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy/ programme design and evaluation. NHSRC intends recruiting Senior Consultants for its Health Policy and Integrated Planning/ Human Resources for Health division, purely on a contractual basis.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The Position reports to Advisor- Human Resource for Health/ Health Policy and Integrated Planning and is on Contractual basis. To begin with Two years and extendable based on the Performance.

**About Health Policy and Integrated Planning/ Human Resources for Health division:** This division of NHSRC focuses on providing support and technical assistance to the MoHFW and to the states in strengthening integrated planning, policies regarding health systems strengthening and human resources for health.

The team has been supporting MoH&FW and the states in:

- Strengthening Integrated planning under NHM
- Developing comprehensive strategies for HRH
- Proving technical support to the states and capacity building on public health, planning and management of HRH
- Implementing health systems approach
- Results Based Financing/ Conditionalities Assessment

The team also conducts studies for formulating evidence-based plans related to HRH/HPIP.

**Roles and responsibilities**

- Provide policy and programme support for Human Resources for Health/ Health Policy and Integrated Planning at national and state level.
- Provide technical support to states in strengthening their planning and HRH management practices as per policies and directives of MoHFW and achievement of targets.
- Provide technical assistance in areas related to health systems strengthening.
- Monitor the progress of division's work plan and ensure timely completion.
- Plan, develop and implement strategies for capacity building of the Human Resources for Health at State and district levels.
- Undertaking regular field visits for monitoring and providing supportive supervision on planning, HRH and programme management, especially to the low performing States/ Districts/ Cities
- Mentor the consultants and junior consultants; review and supervise the tasks performed and documents prepared by the consultants and fellows, provide feedback and share revised document with Advisor for final review and feedback.
- Lead the assessment/ research studies as per work plan and
    - Develop study protocol and guide.
    - Guide consultants on study methodology, analysis framework, and study tools.
    - Monitor the progress and take necessary interventions.
    - Review and finalise documents and share final report with Reporting Officer (concept note, study tool, study report, presentation)
- Identify best practices and innovations within States and districts and support States/UTs to document it.
- Preparing technical briefs, operational and technical guidelines, notes, reports, presentations, case studies, and training material, as required, and ensuring appropriate dissemination of the same.
- Prepare response for the various queries and RTI received.
- Mentoring Consultants and Junior Consultants in respective work areas
- Maintain database of all relevant documents and data related to allocated work area.
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time by the Reporting Officer.

**Qualifications, skills and experience**

***Only full-time regular bachelor's degrees (minimum 3 years) and full-time regular Postgraduate qualifications (minimum 2 years), wherever applicable, shall be considered. Diploma, certificate, Executive programmes, and qualifications obtained through distance, online, part-time, correspondence mode, etc shall not be considered. Only post-qualification experience shall be counted.***

**Qualifications:**

- MBBS/ BDS/ B.Sc. Nursing/ Bachelor of Science (any stream)/ Bachelor of Engineering/ BA- Economics with a full time 2 years post-graduation in any one of the following:

**Post-Graduation:**

1. Master of Public Health (MPH)
2. Postgraduate in Community Medicine/ Preventive & Social Medicine
3. Postgraduate Degree/ Diploma in Public Health Management
4. Postgraduate Degree/ Diploma in Healthcare Administration
5. Postgraduate Degree/ Diploma in Health/ Hospital Management
6. Post Graduate Degree/ Diploma/ MBA in Personal Management
7. Post Graduate Degree/ Diploma/ MBA in HR Management

**Experience:**

- At least 5 year of post qualification experience in public health sector. Preference would be given to those who have practiced medicine in PHC/blocks or have been part of NHM.
- Work experience/Competence in the area of planning for health or health systems strengthening / Human Resources for Health particularly at National/ State level would be an advantage.

**Skills:**

- Understanding of Human Resources for Health and other health issues in Indian context
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point. Internet savvy- i.e., good at web surfing to search relevant data and documents.
- Excellent writing and analytical skills
- Understanding of research and knowledge of qualitative and quantitative research methodologies
- Able to triangulate and analyse data (qualitative and quantitative) and prepare report
- Ability to work in a team setting and mentor team members.
- Ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.

**Other important qualities:**

- Essentially an avid and fast learner
- Passionate and motivated to work on public health issues and is open to learning, motivated to work and complete assigned tasks on time
- Flexible to put in hours beyond the usual office timing to finish the task on time
- Good at follow through practices and a penchant for quality and finishing the work on time
- Willingness to travel to states and districts to provide technical assistance.

The above roles and responsibilities, qualifications, skills and qualities are required to succeed at work in NHSRC. We have a strict probation policy and those who do not meet these requirements are not confirmed. If you have the ability and strong conviction to prove yourself through good work, you are invited to apply for the posts advertised.

The selection process comprises of written test (Objective and subjective), analytical test, computer proficiency and personal interview, about which the candidates who meet the criteria laid above, would be informed separately.

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, if the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy; the top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**Age Limit**: Up to 50 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 90,000/- to Rs. 1,50,000/- (***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31$^{st}$ March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 28$^{th}$ July 2026.

## संदर्भ की शर्तें

## वरिष्ठ सलाहकार – स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना / स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है। NHSRC अपने स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना / स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन प्रभाग हेतु संविदा के आधार पर वरिष्ठ सलाहकारों की नियुक्ति करना चाहता है।

साल 2006 में स्थापना के बाद से ही NHSRC अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पेशेवर सहयोग संबंध स्थापित हैं। अनेक पेशेवरों ने NHSRC में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उच्च स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं उसकी कार्यप्रणाली के साथ व्यापक कार्यानुभव NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

अगर आप भी स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत एक समर्पित टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने एवं सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाएँ, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने का अवसर है।

यह पद परामर्शदाता (एडवाइजर) - स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन / स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना के अधीन कार्य करेगा एवं संविदा के आधार पर होगा। प्रारम्भिक रूप से यह नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना / स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन प्रभाग के बारे में :** NHSRC का यह प्रभाग स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधनों से संबंधित नीतियों को मजबूत बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा राज्यों को तकनीकी सहायता एवं सहयोग प्रदान करने पर केंद्रित है।

यह टीम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्यों को निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करती रही है :

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एकीकृत योजना को सुदृढ़ बनाना।
- स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन (HRH) के लिए व्यापक रणनीतियों का विकास करना।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य, योजना निर्माण एवं स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधनों के प्रबंधन से संबंधित विषयों पर राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण सहयोग प्रदान करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली आधारित दृष्टिकोण के क्रियान्वयन में सहयोग करना।
- परिणाम आधारित वित्तपोषण / शर्तों के अनुपालन के आकलन में सहयोग प्रदान करना।

स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना / स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन (HPIP/HRH) से संबंधित साक्ष्य आधारित योजनाओं के निर्माण हेतु यह टीम विभिन्न अध्ययन भी संचालित करती है।

## कर्तव्य एवं दायित्व :

- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन (HRH) / स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना (HPIP) से संबंधित नीतिगत एवं कार्यक्रमगत सहयोग प्रदान करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) की नीतियों, दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राज्यों की योजना निर्माण प्रक्रियाओं एवं स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन प्रबंधन प्रणालियों को सुदृढ़ करने में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण से संबंधित क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- प्रभाग की कार्ययोजना की प्रगति की निगरानी करना तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करना।
- राज्य एवं जिला स्तर पर स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधनों के क्षमता निर्माण के लिए रणनीतियों की योजना बनाना, उनका विकास करना एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- विशेष रूप से कम प्रदर्शन करने वाले राज्यों / जिलों / शहरों में योजना निर्माण, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन एवं कार्यक्रम प्रबंधन के संबंध में निगरानी एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु नियमित क्षेत्रीय भ्रमण करना।

- सलाहकारों एवं जूनियर सलाहकारों का मार्गदर्शन करना; उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं तैयार किए गए दस्तावेजों की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण करना, आवश्यक सुझाव प्रदान करना तथा संशोधित दस्तावेज अंतिम समीक्षा एवं अभिमत हेतु परामर्शदाता (एडवाइजर) को प्रस्तुत करना।
- कार्ययोजना के अनुसार मूल्यांकन / अनुसंधान अध्ययनों का नेतृत्व करना एवं अध्ययन प्रोटोकॉल विकसित करना तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना।
- अध्ययन कार्यप्रणाली, विश्लेषण रूपरेखा एवं अध्ययन उपकरणों के संबंध में सलाहकारों को मार्गदर्शन प्रदान करना।
- अध्ययनों की प्रगति की निगरानी करना तथा आवश्यक हस्तक्षेप सुनिश्चित करना।
- दस्तावेजों की समीक्षा एवं अंतिम रूप प्रदान करना तथा अंतिम प्रतिवेदन रिपोर्टिंग अधिकारी को प्रस्तुत करना (अवधारणा-पत्र, अध्ययन उपकरण, अध्ययन प्रतिवेदन एवं प्रस्तुतीकरण)।
- राज्यों एवं जिलों में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं एवं नवाचारों की पहचान करना तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को उनके प्रलेखन में सहयोग प्रदान करना।
- आवश्यकतानुसार तकनीकी संक्षेप, परिचालन एवं तकनीकी दिशा-निर्देश, टिप्पणियाँ, प्रतिवेदन, प्रस्तुतीकरण, केस स्टडी एवं प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना तथा उनका समुचित प्रसार सुनिश्चित करना।
- प्राप्त विभिन्न प्रश्नों एवं सूचना का अधिकार (RTI) से संबंधित मामलों के उत्तर तैयार करना।
- अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित विषयों में सलाहकारों एवं जूनियर सलाहकारों का मार्गदर्शन करना।
- आवंटित कार्यक्षेत्र से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं आंकड़ों का डेटाबेस संधारित करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

## योग्यताएँ, कौशल एवं अनुभव

केवल पूर्णकालिक नियमित स्नातक (न्यूनतम 3 वर्ष) एवं जहाँ लागू हो, पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर अर्हताएँ (न्यूनतम 2 वर्ष) ही मान्य होंगी। डिप्लोमा, प्रमाणपत्र, एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम तथा दूरस्थ, ऑनलाइन, अंशकालिक अथवा पत्राचार माध्यम से प्राप्त अर्हताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल अर्हता प्राप्त करने के पश्चात अर्जित अनुभव (Post-Qualification Experience) को ही मान्य माना जाएगा।

## योग्यताएँ :

- एमबीबीएस / बीडीएस / बीएससी नर्सिंग / किसी भी विषय में बैचलर ऑफ साइंस / बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग / बीए (अर्थशास्त्र) के साथ निम्नलिखित में से किसी एक विषय में 02 वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि :

**स्नातकोत्तर योग्यता :**

1. मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
2. कम्युनिटी मेडिसिन / प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन में स्नातकोत्तर उपाधि
3. पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा
4. हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा
5. हेल्थ / हॉस्पिटल मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा
6. पर्सनल मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा / MBA
7. HR मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा / MBA

**अनुभव :**

- सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का उपरांत योग्यता कार्य अनुभव। ऐसे अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) / ब्लॉक स्तर पर चिकित्सकीय सेवाएँ प्रदान की हों अथवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) का हिस्सा रहे हों।
- स्वास्थ्य योजना निर्माण, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण अथवा स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन (HRH), विशेष रूप से राष्ट्रीय / राज्य स्तर पर कार्य करने का अनुभव एवं दक्षता अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी।

**कौशल :**

- भारतीय परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन (HRH) तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की समझ।
- MS Word, Excel एवं PowerPoint जैसे सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले कंप्यूटर अनुप्रयोगों का अच्छा ज्ञान। प्रासंगिक आंकड़ों एवं दस्तावेजों की खोज हेतु इंटरनेट के प्रभावी उपयोग में दक्षता।
- उत्कृष्ट लेखन एवं विश्लेषणात्मक कौशल।
- अनुसंधान की समझ तथा गुणात्मक एवं मात्रात्मक अनुसंधान पद्धतियों का ज्ञान।
- गुणात्मक एवं मात्रात्मक आंकड़ों का त्रिकोणीय विश्लेषण (Triangulation) करने तथा प्रतिवेदन तैयार करने की क्षमता।
- टीम के साथ कार्य करने एवं टीम सदस्यों का मार्गदर्शन करने की क्षमता।
- निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभिन्न कार्यों एवं दायित्वों का एक साथ प्रभावी ढंग से निर्वहन करने की क्षमता।

## अन्य महत्वपूर्ण गुण :

- तेजी से सीखने की क्षमता रखने वाला एवं सीखने के प्रति उत्साही होना।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर कार्य करने के प्रति रुचि एवं प्रतिबद्धता होना, नई चीजें सीखने के लिए तत्पर होना तथा सौंपे गए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए प्रेरित होना।
- आवश्यकतानुसार निर्धारित कार्यालय समय से अतिरिक्त समय देकर कार्य को समय पर पूरा करने के प्रति लचीलापन रखना।
- कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समय पर कार्य पूर्ण करने की प्रवृत्ति होना।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने की इच्छा रखना।

उपरोक्त कर्तव्य एवं दायित्व, योग्यताएँ, कौशल एवं गुण NHSRC में सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए आवश्यक हैं। NHSRC में परिवीक्षा अवधि से संबंधित सख्त नीति लागू है तथा जो अभ्यर्थी इन अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते, उनकी सेवाओं की पुष्टि नहीं की जाती है। यदि आप अपनी कार्यक्षमता एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के माध्यम से स्वयं को सिद्ध करने का दृढ़ संकल्प रखते हैं, तो आपको विज्ञापित पदों हेतु आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक), विश्लेषणात्मक परीक्षा, कंप्यूटर दक्षता परीक्षण एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होंगे। उपर्युक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को इसके संबंध में पृथक रूप से सूचित किया जाएगा।

## लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा सम्मिलित है, तो न्यूनतम अर्हता अंक **70%** होंगे। तथापि, यदि न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो **प्रत्येक 1 रिक्ति के लिए 1:5 के अनुपात** में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, अर्थात् सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष 5 अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।
यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

**आयु-सीमा :** आवेदन प्राप्ति की तिथि के अनुसार अधिकतम 50 वर्ष।

**कार्य-स्थल :** नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :** ₹90,000/- से ₹1,50,000/- प्रति माह।

*पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा , मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

## अनुबंध की अवधि :

प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में समान अवधि के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

## आवेदन की प्रक्रिया :

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 28 July 2026 होगी।